# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA

**Final Examination (13 March 2026)**
**CLASS - VIII**
**PAPER- HINDI (SET-A)**

**M.M. 80**
**Timc:3 hr.**

**खंड 'क' : अपठित बोध**

**प्रश्न 1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-** **(5)**

घरवालों से शिष्ट व्यवहार करना उतना ही ज़रूरी है, जितना कि बाहर वालों से। घर में दूसरों का ख्याल रखने और अच्छा व्यवहार करने से नज़दीकी और अपनापन बढ़ता है। विनम्रता का मतलब है-अच्छी तहज़ीब का पालन । खुद को संतुष्टि देने के साथ ही विनम्रता और शिष्ट व्यवहार के और भी कई फायदे हैं, किन्तु फिर भी लोग विनम्रता का पालन नहीं करते हैं। कठोर और असभ्य लोग थोड़े समय के लिए सफल हो सकते हैं, मगर ज़्यादातर लोग ऐसे व्यवहार वालों से दूर रहना चाहते हैं और आखिरकार ऐसे लोग नापसंद किए जाते हैं। बच्चों को बचपन से ही विनम्र व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि बड़े होकर वे सभ्य, समझदार और दूसरों का ख्याल रखने वाले बन सकें। एक बार विनम्र व्यवहार सीख लें, तो वह उम्र-भर साथ रहता है। यह दूसरों का ख़्याल रखने और संवेदनशील होने के नज़रिए को दर्शाता है। ऐसी बातें सुनने में बहुत छोटी और साधारण लगती हैं, लेकिन इंसान को बहुत दूर तक ले जाती हैं। उदाहरण के लिए- 'कृपया', 'शुक्रिया', 'धन्यवाद' और 'मुझे क्षमा कर दीजिए' जैसे चंद शब्द जादू का असर दिखाते हैं। घरवालों को बचपन से ही अपने बच्चों में शिष्टाचार व अच्छे संस्कार सीखने की आदत डालनी चाहिए।

(i) विनम्रता का अर्थ है-

(क) सत्य का पालन (ख) प्यार से बोलना
(ग) अच्छी आदतों का पालन (घ) बड़ों की आज्ञा का पालन व छोटों से स्नेह

(ii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -

कथन (A) : बच्चों को बचपन से ही इस प्रकार की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि वे बड़े होकर विनम्र व सभ्य बनें।
कारण (R) : बच्चों को बचपन से ही कठोर व परोपकारी होना चाहिए।

(क) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(iii) विनम्र व्यक्ति की पहचान है-

(क) विश्वसनीय होना (ख) सदाचारी व कर्मशील होना
(ग) संवेदनशील व हितैषी होना (घ) सत्यवादी होना

(iv) किस प्रकार के शब्द जादू-सा असर दिखाते हैं?

(v) घरवालों को किस प्रकार की आदतें बच्चों में डालनी चाहिए?

**खंड 'ख' : पाठ्यपुस्तक**

**प्रश्न2) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए- (कोई छह करें)** **(3)**

सकल, प्रदेश ,कीर्ति, विचलित, मानसिक, आततायी घमासान , धैर्य

**प्रश्न 3) निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग करके लिखें-(कोई तीन करें)** **(3)**

सम्मानित, दुर्व्यवहार, मज़ाल , भविष्य

**प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें-**

i) 'हिमालय और हम' कविता में हिमालय को किस नाम से पुकारा गया है ? (1)

ii) यशोदानंद के छोटे बेटे का क्या नाम था और उसे क्या पढ़ने के लिए कहा गया? (1)

iii) "हम गुलामी की जंजीरों को तोड़ देंगे" यहाँ पर गुलामी की जंजीरें किसे कहा गया है? (1)

A-1

Scanned with OKEN Scanner

iv) कविता में हिमालय की स्थिरता और अडिगता को भारतवासियों के साहस और आत्मविश्वास के साथ जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। इस तुलना का मूल्यांकन करके बताइए कि यह किस हद तक सही है? (2)

(2)

v) छत्रपति शिवाजी ने स्वराज्य के लिए कैसी कल्पना की? (3)

**(vi) किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए-**

दहेज एक कुप्रथा है - पाठ 'एक आँच की कसर' के आधार पर सिद्ध कीजिए।

**अथवा**

आप भाषण प्रतियोगिता के लिए तानाजी की वीरता और शिवाजी की नेतृत्व क्षमता पर एक भाषण देना चाहते हैं। उस भाषण में आप क्या कहेंगे? (4)

**प्रश्न5) निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-**

इसकी छाया में रंग गहरा। है देश हरा, प्रदेश हरा, हर मौसम है संदेश भरा।
इसका पद-तल छूने वाला वेदों की गाथा गाता है।
गिरिराज हिमालय से भारत का कुछ ऐसा ही नाता है।।
जैसा यह अटल, अडिग-अविचल, वैसे ही हैं भारतवासी।
है अमर हिमालय धरती पर, तो भारतवासी अविनाशी ।।
कोई क्या हमको ललकारे , हम कभी न हिंसा से हारे
दुख देकर हमको क्या मारे
गंगा का जल जो भी पी ले, वह दुख में भी मुसकाता है।
गिरिराज हिमालय से भारत का कुछ ऐसा ही नाता है।।

1) 'हिमालय और हम' कविता के अनुसार, दुख के पलों में हमें कैसा व्यवहार करना चाहिए?
2) हम सब कुछ पा सकते हैं, अगर अडिग रहें"- इस कथन के अनुसार सफलता के लिए क्या आवश्यक है?
3) हिमालय और भारतीयों के बीच क्या समानता दिखाई गई है?
4) "कोई क्या हमको ललकारे "पंक्ति में कवि किस भावना को व्यक्त करता है?

## खंड ग": व्यावहारिक व्याकरण

**प्रश्न6) निर्देशानुसार करें :-**

i ) **'नापसंद'** शब्द में उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग-अलग करें (1)
ii) **' हेड'** उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाओ । (1/2)
iii) **'दुपहरी'** शब्द 'दु' उपसर्ग से बना है। (सही/गलत) (1/2)
i v) **'बनावट'** शब्द में प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग-अलग करें (1)
v ) **'दार'** प्रत्यय लगाकर एक शब्द बनाएँ (1/2)
vi) **'थकान'** शब्द 'न' प्रत्यय से बना है। (सही/गलत) (1/2)
vii ) वह रो रहा है। (क्रिया का भेद बताएँ) (1)
viii) महक खेल रही है। (काल का भेद बताएँ) (1)
i x) रात के समय <u>कम</u> खाना चाहिए। (रेखांकित क्रिया विशेषण का भेद बताएँ) (1)
x ) कछुआ--------- चलता है।(रीतिवाचक क्रिया विशेषण पद भरे) (1)
xi) उसे कायर नहीं बल्कि विनम्र कहना चाहिए। (समुच्चयबोधक पद छाँट कर लिखें) (1)
x i i ) <u>मेहनत करने वाला वह</u> सफल ही होगा।( रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए) (1)
xiii) उमेश <u>घर की ओर</u> भागता जा रहा था। (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए) (1)
xiv) वाक्य में पदबंध अपने.-------- पर निर्भर करता है। (पदसमूह, शीर्षपद) (1)
xv) तुम सुबह उठकर सैर किया करो। (अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताओ ) (1)
xvi) शायद आप सफल हो जाएँ । (अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताओ) (1)
xvii) छिः! कितनी बदबू है। (अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताओ) (1)
xviii) कोष्ठक में दिए गए विराम चिह्नों के नाम लिखें:- (; ), (०) (1)

Scanned with OKEN Scanner

xix )व्यक्ति का नाम, उपनाम पुस्तकों के नाम तथा कहावतों में ------------ विराम चिह्न का प्रयोग होता है।(रिक्त स्थान भरें) (1)

xx) निम्नलिखित वस्तुएँ तत्काल भेजें दाल दो किलो चावल पाँच किलो और गेहूं दो किलो (उचित विराम चिह्न लगाएँ) (1)

xxi) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें - (2)

दिवा, विस्तृत, हर्ष, कृपण

**xxii)** पहाड़ी रास्ता बहुत **दुर्गम** है, परंतु मैदानी रास्ता —है। **(उचित** विलोम **शब्द** द्वारा रिक्त **स्थान भरें)** (1/2)

xxiii) किसानों का सभी **समर्थन** कर रहे थे किंतु सरकार— कर रही थी **(उचित** विलोम **शब्द** द्वारा रिक्त **स्थान भरें)** (1/2)

xxiv) संधि करो - फल+आहार, भौ + उक (1)

xxv ) संधि विच्छेद करें- देव्यूर्जा, यथेच्छा (2)

xxvi) समस्तपद बनाओ तथा भेद लिखो - भाव से शून्य, चरण रूपी कमल (2)

xxvii ) समास विग्रह करें - लंबोदर, सीताराम (1)

xxviii ) अतिशयोक्ति अलंकार का एक उदाहरण लिखे। (1)

xxix ) **"उसके चरणों में पला ताल, दर्पण -सा फैला है विशाल"** इस पंक्ति में कौन- सा अलंकार है? (1)

xxx) योजक चिह्न के साथ सा. सी ,सम, आदि रूपक अलंकार में आते हैं। (सही/ ग़लत) (1)

xxxi) निम्नलिखित मुहावरे अथवा लोकोक्तियों के अर्थ लिखो (कोई दो करें)- (2)

आँख के अंधे नाम नैन सुख , जमीन पर पैर न पड़ना , सिर मुंडाते ही ओले पड़ना

xxxii) निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग वाक्यों में करें- छूमंतर होना, घड़ों पानी पड़ना (2)

xxxiii)• जब मैंने उसकी कार को टक्कर मारी तो वह— गया ।) रिक्त स्थान में उचित मुहावरा अथवा लोकोक्ति भरें)

**अथवा**

• पापा चार समोसे लाए, तभी भैया अपने दस दोस्तों के साथ आ गए ,यह देखकर पापा कहने लगे ______।)रिक्त स्थान में उचित मुहावरा अथवा लोकोक्ति भरें) (1)

**खंड 'घ' : रचनात्मक लेखन**

**प्रश्न 7 ) निम्नलिखित विषयों पर संकेत बिन्दु की सहायता से लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए** (5)

**समय की कमी से जूझता महानगरीय जीवन**

**संकेत बिंदु** - महानगरों का जीवन एवं समय की कमी, भागमभाग भरा जीवन, दिन के चौबीस घंटे भी कम प्रतीत होना, इनसान का पैसे छापने की मशीन बन जाना, पारिवारिक कलह की स्थिति एवं सामाजिकता का घटना, जीवन पर गहरा प्रभाव, परिवार को समय देने में सुख, निकटता से नातों में सरसता का आना आदि।

**अथवा**

**अंधविश्वास : भारतीय समाज का कोढ़**

(**संकेत-बिंदु-** अंधविश्वास का अर्थ, कैसे-कैसे अंधविश्वास, इनके फलने-फूलने का कारण, हटाने के उपाय आदि)

**प्रश्न 8)**. डिजिटल खेलों पर बहुत अधिक समय बिताने वाले छोटे भाई को समय का महत्व समझाते हुए एक पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

आप 'बुक फ़ेयर ' देखने गए थे ।वहाँ आपने क्या-क्या किया, इसका वर्णन करते हुए अपने पिता जी को एक पत्र लिखिए।

Scanned with OKEN Scanner

प्रश्न 9) बिना बुलाए मेहमान की तरह एक पड़ोसी रोज सुबह अखबार पढ़ने आ जाते हैं। इस विषय पर पत्नी एवं पति के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखो। (4)

**अथवा**

एक दुकानदार और ग्राहक के बीच किसी घटिया सामान की वापसी को लेकर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखो।

प्रश्न10) आपके विद्यालय में मोबाइल लाना मना है । प्रधानाचार्य की ओर से इससे संबंधित एक सूचना तैयार कीजिए। (3)

**अथवा**


**(ख) निम्नलिखित वाक्यों के आधार पर लघु कथा बनाइए-**

दक्ष के विद्यालय में एक 'योग शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर शुरू हुआ। उसमें दक्ष की कक्षा के बच्चे भी शामिल हुए। योगाचार्य बता रहे थे कि यदि स्वस्थ रहना है, तो योग तो करना ही होगा और साथ ही चाय और जंक फूड आदि पर भी रोक लगानी होगी। दक्ष रोज़ाना पिज़्ज़ा, बर्गर खाया करता था, वह सोचने लगा...अब आगे....

प्रश्न 11) पॉलीथिन का प्रयोग रोकने का आग्रह करते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

**नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए--**



Scanned with OKEN Scanner